## महत्वपूर्ण एवं खास

### गड्ढे में गिरा हाथी का शावक : चार घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन, कड़ी मशक्कत के बाद निकाला बाहर



**रायगढ़-रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में हाथी का शावक अपने झुंड से बिछड़ गया और गड्ढे में गिर गया। उसे बचाने के लिए चार घंटे का रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया। यह मामला बाकारूमा रेंज के जमाबीरा बीट का है। मिली जानकारी के अनुसार, रायगढ़ जिले में हाथी का शावक गड्ढे में गिर गया। करीब चार घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद उसे गड्ढे से बाहर निकाला गया। वहीं पिछले दिनों रायगढ़ के ही धरमजयगढ़ वन मंडल के किदा बीट अंतर्गत ग्राम जामपाली में एक हाथी के शावक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। हाथी पानी और भोजन की तलाश में जंगल से गांव की ओर आ रहे हैं। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला। वहीं वन विभाग के अधिकारी मामले की जांच में जुट गए हैं।

### सुरक्षाबलों का खौफ, 50 माओवादियों ने डाले हथियार

**बीजापुर-रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाबलों को एक बड़ी सफलता मिली है। एंटी नक्सल ऑपरेशन के दबाव और सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर 50 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने बीजापुर पुलिस अधीक्षक (एसपी) के सामने हिंसा का रास्ता छोडक़र मुख्यधारा में लौटने का संकल्प लिया। सूत्रों के मुताबिक, आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली कई हिंसक घटनाओं में शामिल रहे हैं। सुरक्षाबलों की लगातार कार्रवाई और सरकार की पुनर्वास योजना से प्रेरित होकर उन्होंने आत्मसमर्पण का फैसला किया। बीजापुर एसपी ने कहा कि सरेंडर करने वाले नक्सलियों को पुनर्वास योजना के तहत सहायता दी जाएगी, जिससे वे समाज में एक नई शुरुआत कर सकें। यह आत्मसमर्पण सरकार और सुरक्षाबलों की रणनीति की एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। आने वाले दिनों में और नक्सलियों के सरेंडर की संभावना जताई जा रही है।

### कुदरगढ़ में बाघ की हलचल, श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर बढ़ी सतर्कता

**सूरजपुर (आरएनएस)।** जिले के कुदरगढ़ क्षेत्र में आज सुबह एक बाघ घूमता हुआ दिखाई दिया। यह बाघ चांदनी बिहारपुर वन परिक्षेत्र के चंपाजोर जंगल में देखा गया। इस दौरान ओडग़ी-बिहारपुर मार्ग से गुजर रहे राहगीरों ने बाघ का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसके बाद से इलाके में सुरक्षा के लिए सतर्कता बढ़ा दी गई है। आज से कुदरगढ़ धाम में चैत्र नवरात्र मेला शुरू हो रहा है, जिसमें लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचने वाले हैं। ऐसे में वन विभाग और प्रशासन दोनों ही बाघ की गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं। वन विभाग बाघ की मूवमेंट पर निगाह रखे हुए है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। कुदरगढ़ क्षेत्र में बढ़ी इस सतर्कता के बीच, श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुरक्षित माहौल प्रदान करने के लिए अधिकारियों द्वारा अतिरिक्त उपाय किए जा रहे हैं।

# चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के शुभ अवसर पर जिले के 21 हजार पीएम आवास के हितग्राहियों ने किया गृह प्रवेश

- पीएम आवास : जरूरतमंद परिवारों को राहत पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल
- हितग्राहियों के चेहरे पर दिखी खुशियों की झलक, कहा कच्चे मकान से मिला छुटकारा, पक्के मकान का सपना हुआ पूरा





**रायगढ़**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बिलासपुर के मोहभट्ठा में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश भर के पीएम आवास हितग्राहियों को महागृह प्रवेश करवाया। जिसमें रायगढ़ जिले के 21 हजार हितग्राही शामिल रहे। इस अवसर पर 6 हजार हितग्राहियों को प्रथम किस्त की राशि भी जारी की गई। साथ ही 3 हजार नए हितग्राहियों के लिए आवास निर्माण को स्वीकृति भी प्रदान की गई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने गृह प्रवेश कर रहे पीएम आवास के सभी हितग्राहियों को नए जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ को 33 हजार 700 करोड़ से अधिक रुपए की परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने विकास कार्यों की सौगात देते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से छत्तीसगढ़ के विकास को और गति मिलेगी। छत्तीसगढ़ संसाधनों से भरपूर है। छत्तीसगढ़ के सुदूर अंचलों तक रेल, बिजली, नेट कनेक्टिविटी, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि का विस्तार होने से यहां की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने विकास कार्यों के लिए प्रदेशवासियों को बधाई दी।

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (हिन्दू नववर्ष) के शुभ अवसर पर रायगढ़ जिले के नव निर्मित आवास में गृह प्रवेश करने वाले सभी हितग्राहियों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज उनके पक्के घर का सपना पूरा हुआ है। भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास पाने वाले हितग्राहियों में जनपद पंचायत पुसौर के ग्राम पंचायत घुटकुपाली निवासी सूरजमती खडिय़ा ने बताया कि वे अपनी बेटी के साथ रहती है एवं रोजी-मजदूरी कर जीवन-यापन कर रही है। उन्होंने बताया कि पक्का आवास बना पाना असंभव था, लेकिन पीएम आवास योजना के तहत आज उनके पक्के आवास का सपना पूरा हो गया है। इसी तरह रायगढ़ के पंडरीपानी निवासी लोचना बाई साहू के चेहरे पर गृह प्रवेश की खुशी झलक रही थी। उन्होंने बताया कि कच्चा मकान होने के कारण बरसात के दिनों में घर की छत से पानी टपकता था तथा विषैले सांप-बिच्छू का डर हमेशा बना रहता था। लेकिन पक्के आवास ने टपकती छत एवं विषैले जीव-जंतुओं का डर हमेशा के लिए खत्म कर दिया है। रायगढ़ के ननसिया निवासी दिलबाई उरांव ने विधि-विधान एवं घर के बाहर रंगोली उकेर कर अपने पूरे परिवार के साथ पक्के आवास में गृह प्रवेश किए। इसी तरह खरसिया विकासखण्ड के ग्राम-तेलीकोट निवासी कैलाश बरेठ अपने परिवार के साथ पक्के आवास में गृह प्रवेश किए। उन्होंने बताया कि पहले सपरिवार कच्चे मकान में रह रहे थे। जिसमें विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि पक्का आवास बनाने का सपना बहुत दिनों से था, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने की वजह से पक्के आवास का सपना पूरा नहीं हो पा रहा था। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में उनका नाम चयनित सूची में आने से काफी खुशी हुई। कैलाश बरेठ को योजनान्तर्गत के तहत स्वीकृत अनुदान राशि 1 लाख 20 हजार रूपये तीन किस्तों में प्राप्त हुआ और आज आवास पूर्ण होने के साथ ही परिवार सहित सभी लोगों ने पक्के आवास में गृह प्रवेश किया। पीएम आवास के तहत नव गृह प्रवेश करने वाले सभी हितग्राहियों ने खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की योजना के लाभ मिलने से आज उनका खुद का पक्के आवास का सपना पूरा हुआ है।

पीएम आवास निर्माण निम्न आय वर्ग एवं जरूरतमंद परिवारों को राहत पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। पीएम आवास निर्माण हेतु वित्तीय सहायता से हितग्राहियों को बड़ी सहूलियत मिल रही है। वहीं खुद का पक्का मकान बनने से उन्हें कच्चे मकान से होने वाली परेशानियों से छुटकारा मिलने के साथ ही एक स्वच्छ वातावरण में रहने का अवसर मिल रहा है और हितग्राहियों के जीवन स्तर में सुधार देखने को मिल रहा है।

## आंकलन शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने किया दिव्यांगों का चिकित्सकीय परीक्षण

- नशा मुक्त हो कर नशा न करने के लिए दिलाई गई शपथ
- 1 अप्रैल को मुकडेगा में होगा आंकलन शिविर का आयोजन

**रायगढ़**




समाज कल्याण विभाग द्वारा 28 मार्च को लैलूंगा विकास खंड मुख्यालय के चिकित्सा केन्द्र में आंकलन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में दिव्यांग जनों की उपस्थिति रही। आयोजित शिविर में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशे से होने वाली जान लेवा बीमारियों से अवगत कराया गया। साथ ही नशा खोरी के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। मौके पर नशा मुक्त हो कर नशा न करने के लिए शपथ दिलाई गई। इसी तरह आगामी 1 अप्रैल को लैलूंगा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मुकडेगा में भी दिव्यांग जनों के लिए आंकलन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग जनों के लिए रायगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आंकलन चिन्हांकित शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रायगढ़ के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा स्थानीय जनपद पंचायत के एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ के सहयोग से शिविर में पहुँचने वाले दिव्यांग जनों की चिकित्सीय परीक्षण कर उन्हें उचित मार्ग दर्शन एवं लाभ की सुविधा प्रदान कर रहे हैं।

## घरघोड़ा पुलिस ने अमानत में खयानत मामले में सक्ती के ठेकेदार को किया गिरफ्तार

**रायगढ़**



घरघोड़ा पुलिस ने अमानत में खयानत के गंभीर मामले में सक्ती जिले के निवासी शकील अहमद को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी पर आरोप है कि उसने कंस्ट्रक्शन कंपनी मेसर्स आर्या के अधीन जल जीवन मिशन योजना के तहत जल-नल कनेक्शन के काम में ठेकेदारी ली थी, लेकिन काम अधूरा छोड़कर करीब 25 लाख रुपये की सामग्री का कोई हिसाब-किताब नहीं किया।

घटना को लेकर 28 मार्च को मेसर्स आर्या कंस्ट्रक्शन कंपनी रायगढ़ के एकाउंटेंट मिथलेश कुमार पटेल ने थाना घरघोड़ा में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार, कंपनी ने तमनार और घरघोड़ा ब्लॉक में जल जीवन मिशन योजना के तहत जल-नल आपूर्ति का कार्यादेश लिया था। शकील अहमद को जुलाई 2023 में पेटी कॉन्ट्रैक्टर के रूप में ठेका दिया गया।

कंपनी ने उसे जुलाई-अगस्त, सितंबर-अक्टूबर में नकद और नवंबर में चेक के माध्यम से कुल 22.50 लाख रुपये का भुगतान किया। इसके अलावा, कार्य के लिए कोटरीमाल स्टोर में 330 टन सीमेंट, 30.93 टन स्टील, 52,000 मीटर पाइप, 17,000 मीटर कंपोजिट पाइप सहित अन्य निर्माण सामग्री उपलब्ध कराई गई।

जनवरी 2024 में शकील अहमद काम छोड़कर फरार हो गया। जब 11 जनवरी 2024 को सामग्री का मिलान किया गया, तो 135 टन सीमेंट, 13 टन स्टील, 3,000 मीटर पाइप, 4,000 मीटर कंपोजिट पाइप और अन्य सामान सहित करीब 25 लाख रुपये मूल्य की सामग्री गायब पाई गई। शिकायतकर्ता के अनुसार शकील अहमद ने नगद रु.22.50 लाख लेकर 25 लाख रुपए के समान गायब कर फरार हो गया।

आवेदन पर घरघोड़ा पुलिस ने अपराध क्रमांक 72/2025 धारा 409 भा.द.वि. के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। थाना प्रभारी रामकिंकर यादव के नेतृत्व में साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया।

इस कार्रवाई में निरीक्षक रामकिंकर यादव, सहायक उप निरीक्षक रामसंजीवन वर्मा, प्रधान आरक्षक पारसमनी बेहरा, आरक्षक हरीश पटेल, उद्यो पटेल और अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है, और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## ट्रैफिक जवान ने पर्यावरण के प्रति दिखाया प्रेम, ड्यूटी दौरान आग बुझाकर बचाया जंगल

**रायगढ़**



यातायात व्यवस्था बनाए रखने में तत्पर ट्रैफिक जवान केवल सड़कों पर नियमों का पालन सुनिश्चित नहीं कराते, बल्कि कई बार समाज और पर्यावरण के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। ऐसा ही एक उदाहरण रायगढ़ के पूंजीपथरा मार्ग पर देखने को मिला, जहां आरक्षक अशोक सम्राट ने अपनी बहादुरी और तत्परता से एक बड़ी अनहोनी को टाल दिया।

रविवार सुबह, किलो डेम नो एंट्री चेक पॉइंट पर ट्रैफिक आरक्षक अशोक सम्राट की ड्यूटी लगी थी। वे नियमित रूप से वाहनों को सड़क किनारे व्यवस्थित कर यातायात व्यवस्था सुचारू रखने में लगे थे। इसी दौरान, सड़क के किनारे स्थित झाड़ियों में अचानक आग लग गई। आसपास घना जंगल होने के कारण आग के तेजी से फैलने की संभावना थी।

आरक्षक अशोक सम्राट ने बिना समय गंवाए स्थिति को भांप लिया और तत्काल आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। उन्होंने झाड़ियों का सहारा लेकर आग को काबू में करने का प्रयास किया। उनकी इस पहल को देखकर वहां मौजूद ट्रक ड्राइवर भी सहायता के लिए आगे आए और सभी के सामूहिक प्रयासों से आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया।

इस साहसिक कार्य के लिए राहगीरों और स्थानीय नागरिकों ने आरक्षक अशोक सम्राट की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उनका यह कृत्य पर्यावरण के प्रति उनकी जागरूकता और समर्पण को दर्शाता है।

गौरतलब है कि जंगलों में आग लगने की घटनाएं अक्सर लोगों की लापरवाही के कारण होती हैं, जिससे छोटे पेड़-पौधे और वन्य जीवों को नुकसान पहुंचता है। ऐसे में ट्रैफिक जवान अशोक सम्राट का यह सराहनीय कार्य अन्य लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करेगा।

यातायात पुलिस विभाग ने भी आरक्षक अशोक सम्राट की तत्परता और जिम्मेदारी निभाने के जज्बे की सराहना की है। यह घटना साबित करती है कि पुलिस जवान केवल कानून व्यवस्था ही नहीं, बल्कि समाज और पर्यावरण की रक्षा के प्रति भी प्रतिबद्ध होते हैं।

## ट्रैफिक जवानों ने दिखाई मानवता, भीषण गर्मी में वाहन चालकों को बांटा पानी

**रायगढ़**



प्रदेश में माननीय प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों समेत पुलिस महकमा अलर्ट मोड पर है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने मार्ग व्यवस्था को लेकर विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। वरिष्ठ अधिकारी और थाना प्रभारी इन निर्देशों के पालन में विभिन्न चेक पॉइंट्स पर ड्यूटी पर तैनात हैं।

इसी कड़ी में आज रायगढ़-पूंजीपथरा मार्ग पर हाईवे पेट्रोलिंग कर रहे सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र पटेल और हमराह स्टाफ ट्रैफिक जवानों का एक सराहनीय कार्य सामने आया। वाहन चेकिंग के दौरान जवानों ने अपने पास रखी पानी की बोतलें और पाउच जरूरतमंद वाहन चालकों को वितरित किए। भीषण गर्मी में इस मानवीय पहल ने वाहन चालकों को राहत पहुंचाई।

मौके पर एडिशनल एसपी आकाश मरकाम और ट्रैफिक डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह भी मौजूद थे। उन्होंने जवानों की इस पहल की सराहना की और अतिरिक्त पानी की व्यवस्था कराकर और अधिक वाहन चालकों को राहत देने के निर्देश दिए।

ड्राइवरों ने पुलिस के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी मानवीय संवेदनाएं समाज में पुलिस के प्रति विश्वास को मजबूत करती हैं। भीषण गर्मी में ट्रैफिक जवानों की यह पहल लोगों के दिलों को छू गई।

पुलिस का यह कार्य दर्शाता है कि वे न केवल सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तत्पर रहते हैं, बल्कि समाज की भलाई और मानवता की सेवा में भी आगे रहते हैं। इस पहल ने पुलिस विभाग की सकारात्मक छवि को और अधिक सशक्त किया।

## संबलपुर-टिटलागढ़ सेक्शन में पुल निर्माण के चलते रेलवे ने रद्द की गई ट्रेने

**रायपुर । आरएनएस**



छत्तीसगढ़ के रेलवे यात्रियों को 66 दिनों तक बड़ी परेशानी झेलनी पड़ेगी। रेलवे ने 1 अप्रैल से 26 मई तक 6 प्रमुख ट्रेनों को रद्द करने का फैसला लिया है।

रेलवे ने टिटलागढ़-लखोली और टिटलागढ़-संबलपुर सेक्शन में पुल पुनर्निर्माण कार्य के चलते ट्रैफिक ब्लॉक लिया है। इसके चलते यात्रियों की दिक्कतें बढ़ गई हैं।

62 बार रद्द रहेंगी ट्रेनें

इन 6 ट्रेनों को अप्रैल और मई महीने में 62 बार रद्द किया जाएगा। खासतौर पर छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्रप्रदेश के यात्रियों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ेगा।

रद्द की गई ट्रेनें और तारीखें-

टिटलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर और बिलासपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर :

रद्द तिथियां: 1, 4, 8, 11, 15 अप्रैल

विशाखापट्टनम-रायपुर पैसेंजर :

रद्द तिथियां: 2, 6, 10, 13, 19, 23, 27 अप्रैल

3, 6, 11, 18, 20, 25 मई

रायपुर-जूनागढ़ रोड पैसेंजर और जूनागढ़ रोड-रायपुर पैसेंजर :

रद्द तिथियां: 2, 6, 10, 13, 19, 23, 27 अप्रैल

3, 6, 11, 18, 20, 25 मई

यात्रियों को झेलनी होगी असुविधा

रेलवे की इस कार्रवाई से दैनिक यात्रियों के साथ ही छत्तीसगढ़ से ओडिशा और आंध्रप्रदेश जाने वाले यात्रियों को भी भारी दिक्कत होगी।रेलवे का कहना है कि पुल निर्माण के चलते ट्रेनों का संचालन असंभव है। यात्री वैकल्पिक साधनों का इस्तेमाल करें।

## पुरानी रंजिश के चलते हत्या करने वाले 4 गिरफ्तार

- चौकी जेवरा सिरसा क्षेत्र में घटित हत्या के मामले का खुलासा

**दुर्ग-रायपुर । आरएनएस**

दिनांक 29.03.2025 को प्रार्थी परीक्षा मरकाम ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि सोना उर्फ आकाश मजूमदार ने फोन कर मेरे बेटे अवतार मरकाम को दुर्ग बायपास रोड स्थित इंदर ढाबा बुलाया था जहॉ आकाश मजूमदार उर्फ सोना अपने साथी दीपक ठाकुर, मुकेश चौहान उर्फ चीरा, मशान, होरीलाल पटेल उर्फ बाती के साथ मिलकर अवतार मरकाम को जान से मारने की नीयत से गाल, कान, सीने में धारदार हथियार से हमाल कर हत्या कर दी है कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर चौकी जेवरा सिरसा, थाना पुलगॉव में अपराध क्रमांक 104/25, धारा धारा 103(1), 3(5) बी एन एस पजींबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना को अत्यंत ही गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला (भा.पु.से.) द्वारा आरोपियों की शीघ्र पतासाजी कर गिरफ्तारी करने के निर्देश प्राप्त हुये थे। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर (रा.पु.से.), नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग, चिराग जैन (भा.पु.से.), एवं उप पुलिस अधीक्षक (अपराध) दुर्ग अजय कुमार सिंह (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में एसीसीयु, चौकी प्रभारी जेवरा सिरसा पुरूषोत्तम कुर्रे एवं प्रभारी थाना मोहन नगर निरीक्षक शिव चन्द्रा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु लगाया गया था। गठित विशेष टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में गवाह विकास सिंह परमार से पूछताछ कर आरोपियों की जानकारी प्राप्त कर आरोपियों के शीघ्र गिरफ्तारी हेतु नाकाबंदी की गई एवं अलग-अलग टीम गठित कर आरोपियों के छिपने के संभावित स्थानों को चिन्हाकित कर घर, रिश्तेदारों एवं दोस्तों के घरों पर दबिश दी गई इसी क्रम मे मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर आकाश मजूमदार उर्फ सोना को आदित्य नगर दुर्ग मे छिपे होने की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ कर हिरासत में लिया गया। घटना के अन्य आरोपियों के गिरफ्तारी हेतु तकनीकी सहायता लेते हुये सिरसा गनियारी क्षेत्र से मुकेश चौहान उर्फ चीरा, अमन साहू उर्फ मशान एवं होरीलाल पटेल उर्फ बाती को हिरासत में लिया गया पकडे गये सभी आरोपियों ने आगे पूछताछ पर बताया कि पूर्व में अवतार मुकेश के साथ मारपीट किया था एवं दीपक ठाकुर का अवतार के भाई के साथ विवाद होने से अवतार अपने भाईयों के साथ मिलकर दीपक का पैर तोड दिया था, होरी लाल का दीपक के साथ दोस्ती होने से अवतार चिड कर होली के समय होरी लाल के साथ मारपीट किया था। इन सभी बातों से अवतार से नाराज होकर पूरानी रंजिश रखते हुये हम सभी मिलकर अवतार मरकाम को कहीं पीने के लिए बुलाते है और मौका पाकर उसको मार देने की षडयंत्र रचकर घटना को अंजाम देने दिनांक 29.03.2025 को षडय़ंत्रपूर्वक योजनाबद्ध तरीके से दीपक ठाकुर ने सोना उर्फ आकाश मजुमदार से बोला कि तुम्हारे साथ अवतार का बातचीत होता है तुम उसे बियर पिलाने के बहाने बुलाओ बाकी का काम हम लोग कर लेंगे तब सोना हमारी योजना में शामिल होकर अवतार को बुलाने के लिए राजी हो गया और अवतार को फोन कर इंदर ढाबा चिखली बुलाया और हम सभी एक साथ दीपक ठाकुर की ग्न्ट गाड़ी से इंदर ढाबा पहूँच गये अकाश मजूमदार और दीपक ठाकुर ग्न्ट गाडी के पास खडे रहे एवं मुकेश उर्फ चिरा, होरीलाल उर्फ बाती और अमन साहू उर्फ मसान तीनों गाडी से दूर अंधेरे में छुपकर अवतार मरकाम के आने का इंतजार करने लगे जैसे ही अवतार मरकाम दीपक और अकाश मजूमदार उर्फ सोना के पास पहूंचा चिरा, बाती और मसान तीनों अवतार को पीछे से घेरते हुये पास रखे चाकू से अवतार के कान गला, और सीने में ताबडतोड हमला कर अवतार को अधमरा छोड़ कर सभी वहॉ से भाग गये। पकड़े गये सभी आरोपियों के विरूद्ध चौकी जेवरा से अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में एसीसीयु से सउनि पूर्ण बहादूर, सउनि गुप्तेश्वर प्र.आर प्रदीप सिंह, धनंजय वर्मा, आरक्षक तिलेश्वर, फारूक खान, जी रवि, नरेन्द्र सहारे, खुर्रम बक्श एवं समस्त स्टाफ चौकी जेवारा सिरसा की उल्लेखनीय भूमिका रही।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480